# आयुक्त ने वार्ड 33 संतोषी पारा का किया सघन निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन–3 अंतर्गत अवैध ब्रेकर, सार्वजनिक नल, पाईप लाइन लिकेज, जर्जर दुकान सहित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद एन शैलजा के उपस्थिति में किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा वार्ड 33 संतोषी पारा के चौंक–चौराहो पर बने अवैध ब्रेकर का जायजा लिये, सड़को के बीच से अवैध ब्रेकर को जल्द ही हटाने निर्देशित किये है। साथ ही वार्ड में पेयजल हेतु बिछाये गये पाईप लाइन का अवलोकन किये। सभी पाईप लाईन लिकेज की जांच कर जल्द से जल्द ठीक कराने कहा गया है। वार्ड में निर्मित ग्राउण्ड के भीतर निर्माणाधीन डोम शेड, फुटपाथ, बाउण्ड्रीवाल एवं समतलीकरण के कार्य का निरीक्षण किये। नागरिको एवं बच्चो की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण कराने कहा गया है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसमें नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर निवास किया जा रहा है। आयुक्त ने नागरिको से चर्चा कर अनुरोध किये है कि जल्द ही कब्जा खाली कर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास हेतु आवेदन जमा कर विस्थापन की प्रक्रिया कर लेवें। आयुक्त ने नागरिको की सुविधा के लिए बनाने गये सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किये। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय का शीध्र संधारण कराने निर्देशित किये हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामड़ी यादव, सुपरवाइजर श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

